G20 भारत 2023 INDIA
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE
(University of Delhi)
Main Wazirabad Road, Yamuna Vihar, Delhi-110094, Phones: 22814126, Telefax: 22814747
Email: info@drbrambedkarcollege.ac.in; brambedkarcollege.du@gmail.com;
principal@drbrambedkarcollege.ac.in; www.drbrambedkarcollege.ac.in
drbrac @bhim_ambedkar brambedkarcollege DrBRAC DU DrBRAC DU
100 YEARS 1922-2022

Ref: DRBRAC/PO/Press Release/2023-24/ Dated: 03.11.2023

प्रेस विज्ञप्ति

डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय का छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में छात्र संघ 2023 का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के दौरान सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों- अध्यक्ष पुरु कपासिया, उपाध्यक्ष महेश सिंह, सचिव कनक कसाना. उपसचिव सोहनी राऊत, सांस्कृतिक सचिव आकाश सिंह एवं खेल सचिव लवलिश वत्स ने छात्र एवं महाविद्यालय के हित में कार्य करने की शपथ लेते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी. इस मौक़े पर मुख्य अतिथि के रूप में जितेन्द्र महाजन, विधायक(रोहतासनगर, दिल्ली) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक शर्मा, एएसपी(तिहाड़ जेल, नई दिल्ली) को आमंत्रित किया गया. साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ(डूसू) अध्यक्ष तुषार डेढ़ा और सचिव अपराजिता ने नवनिर्वाचित छात्र संघ के पदाधिकारियों सहित महाविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए छात्र हितों की रक्षा हेतु आश्वस्त किया.

शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अतिथियों, छात्र संघ पदाधिकारियों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर आर. एन. दूबे ने कहा कि छात्र जीवन एक ऐसा पड़ाव हुआ करता है जहां हम तमाम तरह की मुश्किलों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहते हैं. हमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी से प्रेरणा मिलती है कि किसी भी मोर्चे पर हार नहीं मानना है.

मुख्य अतिथि जितेन्द्र महाजन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि छात्र संघ का काम महाविद्यालय प्रशासन के सहयोग से निरन्तर छात्र हित में कार्य करते रहने का तो है ही, इसके साथ ही उन पर इस बात का भी दायित्व है कि छात्रों के बीच राष्ट्र के प्रति प्रेम और समपर्ण का भाव कैसे पैदा हो, इस संबंध में भी विविध कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुकता का प्रसार करते रहें. उनके अनुसार एक क़ामयाब नेता की कहानी छात्र नेता के माध्यम से शुरु होती है इसलिए बतौर छात्र संघ अध्यक्ष कैंपस में बेहतर माहौल बनाए रखने की उनकी पहली जिम्मेदारी है. विशिष्ट अतिथि दीपक शर्मा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि एक छात्र यदि साहस और निडरता के साथ अपने लक्ष्य के प्रति डटा रहे तो वो एक-एक करके भी चुनौतियों को आसानी से निबटा लेता है, बस आवश्यकता इस बात की है कि वह इस क्रम में अपना हौसला बनाए रखे.

डूसू अध्यक्ष तुषार देढ़ा ने महाविद्यालय के छात्रों को आश्वस्त किया कि छात्र हितों के मसले पर डूसू और उसके पदाधिकारी चौबीस घंटे उनके साथ हैं. वो इस बात की लगातार कोशिश कर रहे हैं कि दिल्ली मेट्रो में रिआयत क़ीमत कार्ड छात्रों के लिए जल्द से जल्द जारी किए जाएं. उन्होंने कहा कि मैं वचन देता हूं आनेवाले समय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डूसू का हिस्सा होगा और यहां के छात्र डूसू के पदाधिकारियों का चयन कर सकेंगे. डूसू सचिव अपराजिता ने बारहवीं के बाद डीयू आने और छात्र संघ का चुनाव लड़के संबंधी प्रसंगों की विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रों से अपील की कि जो भी इस विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हों और पढ़ना चाहते हों, उनके सामने यहां का छात्र होने का लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और वो लक्ष्य है- शिक्षा जीवन के लिए और जीवन वतन के लिए. यहां का छात्र भविष्य का नहीं, वर्तमान का युवा होता है और उसके लिए राष्ट्र से उपर कुछ भी नहीं.

कोरोना के बाद यह चार साल बाद पहला शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. इस संबंध में छात्र संघ के समन्वयक प्रोफेसर जितेन्द्र सरोहा ने कहा कि यह समारोह न केवल इस वर्ष के चयनित छात्रों का शपथ समारोह है और न ही नवातुंक छात्र समारोह इस साल आए छात्रों का कार्यक्रम है, यह पिछले चार साल के आए छात्रों का समारोह है, हम शिक्षकों का सामूहिक कार्यक्रम है. प्रोफेसर सरोहा ने छात्र संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी सहयोगियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एक बेहतर कल के लिए संदेश दिया. इस मौक़े पर मौजूद डूसू के पदाधिकारी के अलावा पिछले चार साल के भूतपूर्व पदाधिकारी और छात्र प्रतिनिदि मौज़ूद रहे.

SH A Email to all Concern
3/11/23
3.11.23

मीडिया प्रभारी